भारतीय मानक ब्यूरो

हिंदी (विभाग)

संदर्भ:हिंदी/सं.रा.स.कार्यशाला/2021 दि.07.12.2021

विषय : मुख्यालय में हिंदी परिचर्चा (symposium) कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यालय में दिनांक 14 दिसम्बर 2021 को 'हिंदी परिचर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यालय सहित ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों की भी भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजभाषा हिंदी से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं संवाद करना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अपने विचार रखने के लिए प्रतिभागी को अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा।

कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वह स्वयं या किसी अधिकारी/कर्मचारी को कार्यक्रम में विचार रखने के लिए नामित करें। मुख्यालय से परिचर्चा में विचार रखने वाले अधिकारी/कर्मचारी कार्यक्रम स्थल से प्रतिभागी के रूप में आफ़लाइन भागीदरी भी कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा चर्चा के उपरांत मुख्य विषय पर Guest Faculty का व्याख्यान भी होगा। इस कार्यक्रम का समय प्रातः 10.30 से 1.00 तक रहेगा तथा ऑनलाइन लिंक कार्यक्रम से पूर्व ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।

परिचर्चा के विषय :

1) राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन (implemntation) के संबंध में कार्यालय में मेरे अनुभव
2) राष्ट्र की प्रगति में हिंदी की भूमिका

वि. कालरा

(विनोद कालरा)

प्रमुख (हिंदी)

मुख्यालय के सभी विभागों सहित क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयो,

एनआईटीएस एवं केन्द्रीय प्रयोगशाला को परिचालित